INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : D.L.A.
DATED : 04 DEC. 2011
PAGE NO : 09

सीनियर्स दे गए जूनियर्स को यादें और सीख

DLA News

गाजियाबाद। मोहन नगर स्थित आईटीएस कालेज में सीनियर्स व जूनियर्स के लिए एल्यूमिनाई मीट का आयोजन किया गया। इसमें नेशनल व इंटरनेशनल कंपनीज में कार्यरत् सीनियर स्टूडेंट्स ने शिरकत की। इसमें जूनियर स्टूडेंट्स ने सीनियर्स का सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम में डांस और सिंगिंग के माध्यम से स्वागत किया। कार्यक्रम में आयोजित चिंतन गोष्ठी में सीनियर्स ने जूनियर्स को प्रबंध शिक्षा की गुणवत्ता एव उपयोगिता के बारे में बारीकी से समझाया। सीनियर्स ने जूनियर्स के साथ कालेज में बिताए दिनों की यादों को ताजा किया।

आईटीएस कालेज में एलुमिनाई मीट आयोजित

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

इस अवसर पर कालेज के महानिदेशक डा. एके पुरी ने कहा कि एल्यूमिनाई मीट कार्यक्रम हम सभी के लिए त्योहार की तरह है, क्योंकि यह दिन साल में एक बार ही आता है। इसमें कालेज से शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न कंपनियों में अच्छे पदों पर कार्य कर रहे स्टूडेंट्स शिरकत करते हैं। कालेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सफलता में ही किसी भी कालेज की सफलता निहित होती है। प्रबंध विभाग की निदेशिका डा. सपना राकेश ने कहा कि हमें अपने पुराने विद्यार्थियों पर गर्व है। वर्तमान में स्टूडेंट्स देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतिभा से कालेज और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुराने विद्यार्थी कालेज के सदस्यों से कम नहीं हैं। निदेशक डा. विनीत कंसल ने कहा कि हमारे स्टूडेंट्स की हमारी पूंजी हैं। इनके सहयोग और सफलता से हम हमेशा लाभांवित होकर अपने उद्देश्य की ओर आगे बढ़ते रहेंगे।

कार्यक्रम का संचालन एल्युमिनाई के कोऑर्डिनेटर डा. सुनील पांडे और प्रो. स्वाती सिंह ने किया।

Copy To : D.G. Sir,........................
....
Director IT...................................
Director Mgmt..............................
Principal UG Campus.................
Registrar Office...........................
Secretary Office...........................
Librarian......................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : DAINIK JAGRAN (SBd. Ed.)
DATED : 04 DEC. 2011
PAGE NO : 26

छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

साहिबाबाद, जागरण संवाद केंद्र : आइटीएस कालेज में एलुम्नी मीट-2011 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर 1995 से वर्तमान सत्र तक के छात्रों का स्वागत किया।

मोहन नगर स्थित आइटीएस कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थान के महानिदेशक डा.एके पुरी ने कहा कि कालेज में प्रतिवर्ष पुरानी यादों को ताजा करने के लिए एक दिन यह कार्यक्रम होता है, जिसमें पूर्व से लेकर वर्तमान सत्र तक के छात्र शिरकत करते है। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, गान व सामूहिक नृत्य कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भारत में प्रबन्ध शिक्षा की गुणवत्ता और उपयोगिता पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वाती सिंह ने किया। इस अवसर पर आर.पी. चड्ढा, अर्पित चड्ढा, बी.के.अरोरा, सपना राकेश समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

Copy To : D.G. Sir,......................
....
Director IT..................................
Director Mgmt..............................
Principal UG Campus.................
Registrar Office...........................
Secretary Office...........................
Librarian...................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : HINDUSTAN (HINDI)
DATED : 04 DEC. 2011
PAGE NO : 18

मोहन नगर स्थित आईटीएस इंस्टीट्यूट में पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मेलन के दौरान नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● हिन्दुस्तान

पूर्ववर्ती छात्रों ने बांटे अनुभव

ट्रांस हिंडन। मोहन नगर स्थित आईटीएस का पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 2011 कई मामलों में अलग रहा। पुराने छात्रों ने कई रंगारंग कार्यक्रम का तो आनंद लिया ही, लेकिन साथ ही अपने अनुभवों के साथ नई संभावनाओं पर भी विमर्श किया।

इस अवसर हुई चिंतन-गोश्ठी में भारत में प्रबन्ध शिक्षा की गुणवत्ता एवं उपयोगिता विषय पर पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। समारोह में बोलते हुए आईटीएस के महानिदेशक डा. ए के पुरी ने कहा कि यह अवसर हमारे लिए एक पर्व की भांति है जो कि वर्ष में एक बार आता है। प्रत्येक वर्ष यह एक ऐसा दिन होता है जब हम अपने पूर्व छात्र-छात्राओं से पुनः मिलकर आत्मविभोर हो जाते हैं। आई टी विभाग के निदेशक डा विनीत कंसल ने पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मेलन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे सभी छात्र-छात्राएं हमारी पूंजी हैं। समारोह में आईटीएस के स्थापना वर्ष 1995 से वर्तमान सत्र तक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था। इस माके पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डा. आर पी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सेक्रेट्री बीके अरोरा आदि मौजूद थे।

Copy To : D.G. Sir,........................
....
Director IT..................................
Director Mgmt.............................
Principal UG Campus.................
Registrar Office...........................
Secretary Office...........................
Librarian...